अराजकता | कलेक्टर के औचक निरीक्षण में खुली पोल, सिविल सर्जन सहित अन्य स्टाफ रहा नदारद, मरीज बेहाल

जिला अस्पताल साबित हो रहा लापरवाही का अड्डा

डिंडोरी, नवभारत। जिला चिकित्सालय में इलाज कम और लापरवाही ज़्यादा मिलती है—इस कहावत को सोमवार को खुद कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने सच साबित कर दिया। ठीक 11 बजे हुए औचक निरीक्षण में अस्पताल प्रबंधन की पोल ऐसी खुली कि जिम्मेदार कुर्सियों पर बैठे अधिकारी और डॉक्टर मानो 'ड्यूटी से स्थायी अवकाश' पर निकले मिले। खासकर सिविल सर्जन की गैरमौजूदगी ने पूरे सिस्टम पर सवालिया निशान लगा दिया।कलेक्टर ने ओपीडी से लेकर इमरजेंसी, प्रसूति कक्ष, एनआरसी, सीटी स्कैन, एक्स-रे, लैब, आयुष्मान कार्ड कक्ष, महिला-पुरुष वार्ड और यहां तक कि सिविल सर्जन कार्यालय तक का निरीक्षण किया।

नजारा ऐसा था मानो अस्पताल नहीं, बल्कि 'डॉक्टर गायब हैं' का बोर्ड लगा हो। उपस्थिति रजिस्टर खुला तो डॉ. धनराज, डॉ. सुरेश मरावी, डॉ. मिनी मोरवी, डॉ. शिवम, डॉ. अमित जैन, बीएमओ डॉ. कमलेश राज और खुद सिविल सर्जन डॉ. अजय राज की गैरहाजिरी सामने आ गई। कलेक्टर ने बिना देर किए नोटिस थमाने के निर्देश दिए।

मरीज बोले - इलाज नहीं, सिर्फ इंतजार

निरीक्षण के दौरान गोयरा निवासी सूरज लाल का दर्द छलक पड़ा। चार दिन से पुरुष वार्ड में भर्ती, लेकिन न डॉक्टर का राउंड, न इलाज। मजबूर होकर घर लौटने की तैयारी कर रहे थे कि कलेक्टर से सामना हो गया। कलेक्टर ने तत्काल डॉक्टर बुलवाया और इलाज शुरू कराया। सवाल यह है कि अगर कलेक्टर न आते तो क्या मरीज यूं ही भगवान भरोसे रहता? वहीं, 9 माह के बच्चे का टीकाकरण कराने पांच दिन से भटक रही दीपाली खांडे की कहानी भी किसी को झकझोर देने के लिए काफी थी। कलेक्टर ने अस्पताल प्रबंधक को फोन पर खरी-खोटी सुनाते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

आयुष्मान कक्ष पर ताला, सिस्टम पर तमाचा

आयुष्मान कार्ड कक्ष में सिर्फ एक कंप्यूटर ऑपरेटर मिला, न प्रभारी, न जवाब। कलेक्टर ने नाराजगी में आयुष्मान कक्ष बंद कर ताला लगाने के निर्देश दे दिए—मानो व्यवस्था को आईना दिखा दिया हो।

फोन करने पर आये सिविल सर्जन

भीड़ से भरे अस्पताल में जब सिविल सर्जन भी नदारद मिले तो कलेक्टर का पारा और चढ़ गया। फोन कर बुलाए गए सिविल सर्जन डॉ. अजय राज को कलेक्टर ने दो टूक कहा 'गरीब जनता आपके भरोसे इलाज के लिए आती है, लेकिन आप कुर्सी संभालने में ही नाकाम हैं।' यह पहली बार नहीं है जब सिविल सर्जन की मनमानी उजागर हुई हो, लेकिन हर बार रसूख के आगे सिस्टम मौन साध लेता है। इस बार हालांकि कलेक्टर के तेवर कुछ और ही नजर आए।

इमरजेंसी वार्ड में भी कहानी वही-धुर्रा निवासी चूरामणी गवले सुबह से सीटी स्कैन रिपोर्ट के लिए भटकते रहे, लेकिन संबंधित डॉक्टर डॉ. अमित जैन नदारद मिले जिस पर कलेक्टर ने अस्पताल प्रबंधन को जमकर फटकार लगाई।

अब नहीं चलेगी मनमानी

पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों की स्थिति तो ठीक मिली, लेकिन साफ-सफाई और दवाओं की एक्सपायरी डेट को लेकर कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए। अंत में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि भविष्य में ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब सवाल यह है कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ एक दिन की सख्ती बनकर रह जाएगी, या सच में जिला अस्पताल की सेहत सुधरेगी? फिलहाल तो कलेक्टर के छापे ने इतना जरूर साबित कर दिया कि जिला अस्पताल में सबसे ज्यादा बीमार अगर कुछ है, तो वह है, जिम्मेदारी।

गडरिहा हार से बाघिन का किया रेस्क्यू

▸ आतंकी बाघिन से ग्रामीणों को मिली राहत

चिल्हारी, उमरिया, नवभारत। जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की पनपथा रेंज अंतर्गत ग्राम चिल्हारी के गडरिहा हार में एक सप्ताह से डेरा जमाए बाघिन को वन विभाग ने सुरक्षित रूप से रेस्क्यू कर लिया है। बाघिन की लगातार मौजूदगी से गांव और आसपास के क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था। वन विभाग की सतर्कता और लगातार प्रयासों के बाद यह अभियान सफल हो सका।

ज्ञातव्य हो कि उक्त बाघिन बीते कई दिनों से गांव से लगे खेतों और झाड़ियों में देखी जा रही थी। ग्रामीणों को मवेशियों और स्वयं की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई थी। बाघिन का रेस्क्यू पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

वन अमले की टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा

रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए वन विभाग ने हाथी दल, ट्रैंकुलाइजेशन एक्सपर्ट और अनुभवी फील्ड स्टाफ को मौके पर तैनात किया और पूरे इलाके की घेराबंदी कर बाघिन की गतिविधियों पर नजर रखी ताकि उसे बिना किसी नुकसान के सुरक्षित पकड़ा जा सके। कड़ी मशक्कत के के बाद बाघिन को सफलतापूर्वक ट्रैंकुलाइज किया गया और पिंजरे में सुरक्षित रखा गया। बाघिन के रेस्क्यू के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। गांववासियों ने वन विभाग की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता की सराहना की। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि भविष्य में किसी जंगली जानवर की गतिविधि नजर आए तो तुरंत सूचना दें।

एक नजर में

जिला पंचायत में आयोजित हुई सामान्य सभा की बैठक

डिंडौरी,नवभारत। विगत दिवस जिला पंचायत सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते की अध्यक्षता में किया गया। बैठक मे पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा करने के साथ प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खनिज विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पीआईयू, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मनरेगा एवं आजीविका मिशन, नर्मदा घाटी विकास विभाग के साथ 5वें वित्त के साथ 15/16 वां वित्त के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि योजनाओं से संबंधित लक्ष्य, लाभ हितग्राहियों का चयन की जानकारी जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामवासियों तक प्रचार-प्रसार करते हुये पंहुचाये ताकि योजनाओं का व्यापक लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले और कोई भी लाभ से वंचित न रहे। निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। किसी भी योजना का लक्ष्य अपूर्ण न रहे इसके लिये बचे हुये महीने में प्रगति बढाते हुये वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त किया जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत अंजु जितेन्द्र ब्यौहार, जिला पंचायत सदस्य डॉ. सी.एस. भवेदी, हीरा रुद्रेश परस्ते, बिरेन्द्र बब्लू परस्ते, हेमवती राजपूत, रेखा आर्मो, अध्यक्ष जनपद पंचायत डिंडौरी आशा सिंह धुर्वे, समस्त जनपद अध्यक्ष सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

लघु वेतन कर्मचारी संघ ने किया धरना-प्रदर्शन

डिंडोरी,नवभारत। शुक्रवार के दिन मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला अध्यक्ष प्रकाश सिंह चंदेल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट तिराहा स्थित रानी अवंतीबाई गार्डन में दो घंटे का धरना प्रदर्शन किया गया। संघ ने भृत्य का नाम परिवर्तन कर कार्यालय सहायक करने, ग्रेड पे 1800 करने, दैनिक वेतनभोगियों को स्थायी व नियमित करने, आउटसोर्स व्यवस्था समाप्त करने, सातवें वेतनमान का लाभ देने सहित अन्य मांगें रखीं।संघ ने आंदोलन के आगामी चरणों की जानकारी देते हुए चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर 21 फरवरी को भोपाल में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। धरना में संघ पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

अटल जी के जन्म दिवस पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

डिंडोरी, नवभारत। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस (जन्म शताब्दी वर्ष) पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा व तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुआ। जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने अटल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व और प्रधानमंत्री कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए उनके उच्च नैतिक मूल्यों व राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। जिला महामंत्री सुधीर दत्त तिवारी ने भाजपा के निर्माण व विकास में अटल जी की भूमिका बताई। अन्य वक्ताओं ने राम जन्मभूमि आंदोलन, कवि एवं पत्रकार के रूप में अटल जी के योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने किया एवं आभार महेश सिंह धूमकेती ने माना। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुगवानी की आस्था ने कबड्डी में रचा इतिहास

चिल्हारी, उमरिया। जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम मुगवानी निवासी राजकुमार चतुर्वेदी की बेटी आस्था चतुर्वेदी खजुराहो संसदीय खेल महोत्सव के दौरान कबड्डी में मैन ऑफ द मैच हासिल कर अपनी विशेष पहचान बनाई है। आस्था चतुर्वेदी बरही में रहकर डी ए भी स्कूल कुटैश्वर में शिक्षा अध्ययन कर रही हैं शिक्षा के साथ साथ आस्था ने अपने स्कूल का नाम भी रोशन किया है। सांसद खेल महोत्सव में खजुराहो संसदीय क्षेत्र समापन में कबड्डी के क्षेत्र में भाग लिया और आस्था चतुर्वेदी अपनी लगन मेहनत से आज इतिहास रच दिया और ट्रॉफी अपने नाम कर दी म,प्र,भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने ट्रॉफी भेंट कर अच्छा खेल खेलने की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

बाघ के हमले से ग्रामीण घायल, स्थिति को संभालने जुटा वन विभाग

चिल्हारी, उमरिया, नवभारत। एक ओर जहां बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वर्ष 2025 की विदाई और नववर्ष के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं, वहीं दूसरी ओर टाइगर रिजर्व से सटे ग्रामीण अंचलों में मानव और वन्यजीवों के बीच टकराव की घटनाओं में अचानक तेजी देखी जा रही है। बताया गया है कि यह बाघिन लगातार रिहायशी इलाकों में मूवमेंट कर रही है।

जनपद मुख्यालय के समीप ग्राम नौगवां मे गत दिवस बाघ के हमले में 80 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। एसडीओ मानपुर बीएस उप्पल ने बताया कि रामलखन पटेल पिता स्व. रामस्वरूप पटेल सुबह करीब 9:30 बजे अपने खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे बाघ ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले में रामलखन पटेल के सिर में गहरा और लंबा घाव आया है, जबकि हाथ और पीठ पर भी गंभीर खरोंचें हैं। सूचना मिलते ही बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद श्री पटेल की हालत को देखते हुए उन्हे जिला चिकित्सालय शहडोल रेफर कर दिया गया।

भालू के हमले में ग्रामीण हुआ लहूलुहान

बीटीआर के बफर क्षेत्र में गुरुवार को भालू के हमले में एक ग्रामीण घायल हो गया। अनुविभागीय अधिकारी सोनम गढ़वाल ने बताया कि विनीत शुक्ला, निवासी रायपुर, किसी कार्य से जंगल क्षेत्र से गुजर रहे थे, तभी भालू ने उन पर हमला कर दिया। घटना में विनीत बुरी तरह जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और घायल को जिला चिकित्सालय उमरिया मे भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

जिला अध्यक्ष ने किया करंजिया व बजाग विकासखंडों का दौरा

▸ अतिथि शिक्षकों को आंदोलन के लिए किया संगठित

डिंडोरी, नवभारत। अतिथि शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष इमरान मलिक ने जिला कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ विकासखंड करंजिया एवं बजाग का सघन दौरा किया। इस दौरान बाजार क्षेत्रों एवं दूरस्थ अंचलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों से बैठक कर आगामी प्रांतव्यापी आंदोलन की जानकारी दी गई तथा संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री मलिक ने कहा कि अतिथि शिक्षकों का संघर्ष लंबा रहा है। अल्प मानदेय पर वर्षों तक सेवा देने के बाद आंदोलन के परिणामस्वरूप ही मानदेय में वृद्धि हुई, लेकिन 12 माह का कार्यकाल, 62 वर्ष तक नियुक्ति एवं स्थायित्व जैसी घोषणाओं पर अब तक अमल नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार काम तो अतिथि शिक्षकों से ले रही है, लेकिन अधिकार देने से पीछे हट रही है, जो शोषण को दर्शाता है।जिला अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अतिथि शिक्षकों की मांगों पर शीघ्र ठोस निर्णय नहीं लिया, तो जन आंदोलन तेज किया जाएगा और सरकार की कथनी-करनी का अंतर जनता के सामने रखा जाएगा।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जगमोहन तिवारी, जिला सचिव हदीस खान, जिला मीडिया प्रभारी आनंद कटारिया, वीरेंद्र, विकासखंड अध्यक्ष डिंडोरी गौरीशंकर गवले सहित बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

नर्मदांचल विद्यापीठ बरगांव में अनोखे तरीके से मनाई गई तुलसी जयंती

शहपुरा, नवभारत। बरगांव स्थित नर्मदांचल विद्यापीठ में तुलसी पूजन जयंती बड़े ही श्रद्धा एवं अनोखे ढंग से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने-अपने घरों में तुलसी के पौधे के समक्ष दीपक जलाकर विधिवत पूजा-अर्चना की। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बच्चों को तुलसी जयंती का धार्मिक, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व सरल शब्दों में समझाया गया। बच्चों को बताया गया कि तुलसी न केवल धार्मिक दृष्टि से पूजनीय है, बल्कि यह पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। इस आयोजन में अभिभावकों की भी सक्रिय सहभागिता रही। अभिभावकों ने बच्चों को तुलसी के महत्व के बारे में जानकारी दी और तुलसी के पौधे के सामने दीपक रखवाकर पूजा करवाई। बच्चों ने इस गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी पूजा की तस्वीरें विद्यालय समूह में साझा कीं। इस प्रकार नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव में तुलसी पूजन जयंती को पारंपरिक के साथ-साथ जागरूकता एवं संस्कारों से जोड़ते हुए एक विशेष एवं प्रेरणादायक रूप में मनाया गया।

रीतेश तिवारी को बनाया गया विधायक प्रतिनिधि

नवभारत, कटनी। बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय ने रीठी के शासकीय आईटीआई प्राचार्य को पत्र लिखकर बताया है कि रितेश तिवारी को उनके द्वारा संस्था विकास समिति गठन के लिए प्रतिनिधि सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। रितेश तिवारी संस्था के हित में उनकी अनुपस्थिति में आयोजित बैठकों, कार्यक्रमों में उनके स्थान पर हिस्सा लेंगे।

सूअर बम फटने से बालक घायल, इलाके में दहशत, पुलिस जांच में जुटी

शहपुरा, नवभारत। मानिकपुर क्षेत्र अंतर्गत दादरा राइस मिल के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बकरी चराने गया एक बालक सूअरमार बम की चपेट में आ गया। बालक रोज की तरह जंगल किनारे बकरियां चरा रहा था, तभी जमीन में पड़ा बम उसके पैर के नीचे आ गया और अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। विस्फोट के कारण बालक का पैर बुरी तरह जख्मी हो गया और वह मौके पर ही गिर पड़ा। घटना की जानकारी आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल बालक को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार बालक उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल व खेतों में जंगली सूअरों से फसल बचाने के लिए अवैध रूप से सूअर बम लगाए जाते हैं, जो आम लोगों और बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, शहपुरा पुलिस मामले सूअर बम रखने वालों की तलाश की कर रही है।

सिलगी नदी के घाट पर हुई महाआरती

शहपुरा, नवभारत। जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बरगांव स्थित मां नर्मदा की सहायक नदी सिलगी नदी के घाट में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया वीर नारायण छात्रावास के जनजाति बच्चों के द्वारा सिल्की नदी के घाट में दीपदान कार्यक्रम आयोजित हुआ तत्पश्चात मां नर्मदा की जय घोष के साथ नर्मदा अष्टक का पाठ किया गया इसके पश्चात मां नर्मदा की भव्य महा आरती की गई मां नर्मदा के साथ-साथ उनकी सहायक नदियों के भी संरक्षण के लिए उक्त कार्यक्रम के साथ शुभारंभ किया गया है कार्यक्रम के दौरान वीर नारायण छात्रावास के सभी बच्चे जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव के अध्यक्ष मनोहर लाल साहू रेड क्रॉस सोसाइटी मध्य प्रदेश के अध्यक्ष प्रकल्प के प्रमुख श्याम बनवाले जाम सिंह डॉक्टर श्वेता जैन ज्ञानेंद्र सिंह पंकज साहू सोनेलाल विश्वकर्मा मनोज सोनी एवं सेवांकुर सेवा दल एमबीबीएस अंतिम वर्ष के मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ झारखंड एवं बिहार के छात्र जो तीन दिवसीय सेवा देने हेतु जनजाति क्षेत्र में आए हुए हैं यह सभी लोग महाआरती कार्यक्रम में सम्मिलित हुए

आयोजन | प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

शहपुरा आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया वीर बाल दिवस

शहपुरा, नवभारत। कलेक्टर अंजू भदोरिया एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना शहपुरा अंतर्गत सेक्टर शहरी शहपुरा के आंगनबाड़ी केंद्रो में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं वीर बाल दिवस पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से दिखाया गया।

कार्यक्रम में नगर के हितग्राही एवं आंगनबाड़ी के नन्हे मुन्ने बच्चे सम्मिलित हुए कार्यक्रम के दौरान सेक्टर सुपरवाइजर प्रतिभा साहू ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि 25 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच आज से 300 वर्ष पूर्व सिख धर्म के दसवे और अंतिम गुरु गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादे देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए थे गुरु गोविंद सिंह के दो बड़े बेटे अजीत सिंह और जुझार सिंह चमकौर के युद्ध में लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए और उनके दो छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेहसिंह को सरहिंद के नवाब ने जिंदा दीवार पर चुनवा दिया था गुरु गोविंद सिंह के बच्चों ने अपना मरना स्वीकार किया परंतु अपने धर्म को नहीं छोड़ा और देश और धर्म की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए आज ऐसे देश के वीर सपूतों को नमन है जिनकी याद में आज हम सभी यहां पर वीर बाल दिवस कार्यक्रम मना रहे हैं कार्यक्रम के दौरान परियोजना अधिकारी विपिन डहरिया समाजसेवी गिरजा कारपेंटर पार्षद सुरेंद्र साहू एवं देवेंद्र वनवासी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका वार्ड के नागरिक गण उपस्थित रहे